# महाकाल की नगरी, सीएम की परिकल्पना और संतों का आशीर्वाद

**महाकुंभ के निर्माण कार्यों पर महात्माओं ने जताया संतोष**

**सिंहस्थ की तैयारी से अफसरो ने कराया संत समुदायों को रूबरू**

**टनल में उतरे संत तो हुए रोमांचित**



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. जो महात्मा धूनी रमाते है, कंदराओं में तपस्या करते हैं, आश्रमों में धर्म कार्य करते हैं, भोजन भंडारे और सेवा करते हैं, भगवान के पूजन अर्चन में संलग्न रहते हैं, श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से आशीर्वचन देते हैं, देश-विदेश में यात्राएं कर धर्म जागरण करते हैं ऐसे सभी संत महंत गुरुवार को महाकुंभ की तैयारी का अवलोकन करने के लिए घाट, नदी से लेकर दूरस्थ अंचलों में पहुंचे.**

दरअसल, संत महंत समुदाय के लिए ही महाकुंभ का आयोजन वर्षों से परंपरा अनुसार होता आया है, जिसमें सभी 13 अखाड़ों के संत महंत महामंडलेश्वर अपनी अपनी पूजन परंपरा और स्नान के रीति रवाज के साथ कुंभ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते आए हैं. धर्म अध्यात्म की अलख जगाने वाले ऐसे सभी संतों के आगमन पर महाकुंभ के दौरान मध्य प्रदेश सरकार उज्जैन जिला प्रशासन मूलभूत सुविधाएं जुटाता आया है, उसी तारतम्य में कुंभ के अंतर्गत उज्जैन शहर में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का गुरुवार को संतों और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अवलोकन किया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने संत-महात्माओं के साथ विभिन्न परियोजनाओं का भ्रमण कर उन्हें कार्यों की प्रगति से अवगत कराया.

**मुख्यमंत्री डॉ यादव की परिकल्पना** -दरअसल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सार्वजनिक मंच से कई बार कहा है कि इस बार का कुंभ सबसे अलग होगा क्योंकि वर्ष 1964 के बाद पहली बार शिप्रा के संग्रहीत जल से कुंभ में स्नान कराया जाएगा. गंभीर डैम, नर्मदा नदी के जल से अब तक वैकल्पिक संसाधनों के माध्यम से सिंहस्थ में स्नान होता आया है, इस बार सेवएखेड़ी सिलारखेड़ी क्षेत्र में वर्षा का जल संग्रहित कर क्षिप्रा में लिफ्ट करेंगे और उसी जल से कुंभ स्नान होगा.

## त्रिवेणी घाट से शुरुआत

गुरुवार को संतों और अफसरों की भ्रमण यात्रा त्रिवेणी क्षेत्र स्थित शनि मंदिर के पास निर्माणाधीन घाट से हुई. संतों ने क्षिप्रा नदी के तट पर बनाए जा रहे नए घाटों को देखा, अधिकारियों ने बताया कि लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकेंगे. उज्जैन संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने संतों से वार्तालाप किया.

## रामादल के सदस्य हुए एकत्रित

रामादल के संतों का दल चिंतामन-जवासिया क्षेत्र पहुंचा, जहां क्षिप्रा शुद्धिकरण योजना के अंतर्गत कान्ह नदी डायवर्सन परियोजना का अवलोकन किया गया. संत 24.5 मीटर गहराई में बन रही टनल तक उतरे और निर्माण कार्य को देखा. अधिकारियों ने जानकारी दी कि करीब 30 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में क्लोज डक्ट और टनल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षिप्रा के जल को स्वच्छ और प्रवाहमान बनाना है.

**आवागमन में सुविधा** -हरिफाटक क्षेत्र में क्षिप्रा नदी पर बन रहे समानांतर पुल के निर्माण कार्य संतों ने देखे, प्रशासन ने संतों को बताया कि पुल तैयार होने के बाद सिंहस्थ के दौरान इंदौर, देवास और भोपाल की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी.

**संतों ने जताया संतोष**-रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज एवं ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर महावीर नाथ जी महाराज सहित अन्य सभी संतों ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया. संतों ने कहा कि क्षिप्रा शुद्धिकरण और घाट निर्माण जैसे कार्यों से आगामी सिंहस्थ महापर्व अधिक सुव्यवस्थित और भव्य होगा.

**संत और अफसरों का संवाद** -भ्रमण के दौरान विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा, प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. निरीक्षण के बाद संतों और अधिकारियों के बीच संवाद भी हुआ, जिसमें सिंहस्थ की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को लेकर विचार साझा किए गए.

# ब्लैकमेलिंग कांड : डॉक्टर पर भी केस दर्ज, 5 आरोपी गिरफ्तार

**वायरल वीडियो के बाद कार्रवाई**

**पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट में प्रकरण दर्ज**




**देवास. शहर में चर्चित ब्लैकमेलिंग कांड ने अब नया मोड़ ले लिया है. शहर कोतवाली पुलिस ने श्रीराम हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. चारूलता तिवारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो की जांच के बाद की गई है.**

जानकारी के अनुसार, डॉ. तिवारी ने दो दिन पूर्व कोतवाली थाने में ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस ने एक महिला सहित दो पत्रकारों को गिरफ्तार किया था. इसी बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें डॉ. तिवारी कथित रूप से भ्रूण लिंग परीक्षण के बाद गर्भपात की बात करते हुए दिखाई दीं. वीडियो में नकदी लेते हुए भी उनके दृश्य सामने आए. मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जांच के आदेश दिए थे. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर कोतवाली पुलिस ने डॉ. तिवारी के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट की धारा 23(1), 25 एवं एमटीपी एक्ट की धारा 5(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है. हालांकि खबर लिखे जाने तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी.

## दो और आरोपी गिरफ्तार, पुलिस रिमांड पर भेजे गए

इसी प्रकरण में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. फरार चल रहे आरोपी विजय अरोरा और सिमरन उर्फ रजनी भाटिया निवासी पटियाला को गिरफ्तार कर लिया गया है. दोनों आरोपी ब्लैकमेलिंग गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं. पुलिस के अनुसार अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं. गुरुवार शाम दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है.

# सगाई समारोह का विवाद बना जानलेवा, युवक की पीट पीटकर हत्या

- तेजाजी नगर क्षेत्र में रिश्तेदारों के बीच झगड़ा
- बायपास पर घेरकर डंडों और पेचकस से किए कई वार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सगाई समारोह में शुरू हुआ विवाद एक युवक की हत्या में बदल गया. कार्यक्रम में कहासुनी के बाद आरोपियों ने युवक को बायपास पर घेरकर बेरहमी से हमला किया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि मृतक की पहचान शुभम पुत्र संगतनाथ निवासी महादेव नगर (नार्थ मोहल्ला) के रूप में हुई है. बुधवार रात वह अपने परिवार के साथ उमरीखेड़ा में सगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया था. इसी दौरान खाने-पीने की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद करने वाले लोग आपस में रिश्तेदार हैं. घटना के बाद शुभम अपने साथियों के साथ वहां से निकल गया, लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे बायपास पर घेर लिया. आरोप है कि हमलावरों ने डंडों और पेचकस से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल अवस्था में परिजन शुभम को चोइथराम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मामले में शुभम के दोस्त रितिक, करण और एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है. बताया जा रहा है कि शुभम आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था.

# सिंघार ने किसानों के साथ किया विरोध प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**सीहोर**, 9 अप्रैल. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुरुवार को सीहोर में किसानों के विरोध प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालय घेराव में भाग लिया. उन्होंने भाजपा सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों पर गंभीर चिंता जताई. इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ धरने पर बैठकर उनका समर्थन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.

सभा को संबोधित करते हुए सिंघार ने 19 लाख किसानों के पंजीकरण और 1.60 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं की मांग के मुकाबले केवल 78 लाख मीट्रिक टन खरीदी पर सवाल उठाए. उन्होंने शेष उपज के भविष्य को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा और प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि खरीदी में देरी के कारण छोटे किसानों को मजबूरी में अपनी फसल औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ी. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान खरीदी कांग्रेस के दबाव में शुरू हुई है. साथ ही, 400 प्रति क्विंटल लाभ योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि यह राशि किसानों के बजाय बिचौलियों तक पहुंच रही है.



# बीजेपी नेता पर महिला के घर में घुसकर धमकाने और मारपीट का आरोप

- पार्किंग विवाद ने लिया हिंसक रूप
- वीडियो बनाने और धमकी देने का भी मामला

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** जूनी इंदौर क्षेत्र में पड़ोसी महिला से विवाद और दबंगई के मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता समेत दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. अवैध पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट, घर में घुसकर धमकी देने और वीडियो बनाने तक पहुंच गया.

थाना प्रभारी हित यादव ने बताया कि पुलिस ने बीके सिंधी कॉलोनी निवासी देवी ठारवानी की शिकायत पर आरोपी सचिन जेसवानी और नरेंद्र सोनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है. शिकायत के मुताबिक, 25 मार्च को किरायेदार अखिलेश नामदेव मकान खाली कर रहा था, इस दौरान उसकी एक्टिवा सड़क पर खड़ी थी. इसी बात को लेकर सचिन जेसवानी से विवाद हुआ और उसने अखिलेश के साथ मारपीट कर दी. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार की शाम दोनों आरोपी उनके घर में घुस आए और जबरन वीडियो बनाते हुए शिकायत न करने का दबाव बनाया. इसके बाद मंगलवार को सचिन फिर घर पहुंचा और थाने चलने को लेकर विवाद करने लगा. मना करने पर उसने दोबारा वीडियो बनाना शुरू कर दिया और शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी. मामले में दोनों पक्ष एक दिन पहले थाने भी पहुंचे थे, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई. आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते एफआईआर दर्ज करने में देरी हुई. बाद में बुधवार को तात्कालीन थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था.

# शाही संपत्ति को बेचने पर 6 महीने का स्टे

- कोर्ट का ऐतिहासिक हस्तक्षेप
- धरोहर फिलहाल सुरक्षित, जनता में हर्ष का माहौल



**आलीराजपुर.** आलीराजपुर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला न्यायिक आदेश सामने आया है. जिला न्यायाधीश (द्वितीय) आरपी सेवेतिया की अदालत ने 7 अप्रैल 2026 को पारित अपने आदेश में आलीराजपुर स्टेट की विवादित पैतृक संपत्तियों के विक्रय, हस्तांतरण या किसी भी प्रकार के अंतरण पर 6 माह का सख्त स्टे लगा दिया है. यह आदेश आदेश 39 नियम 1 एवं 2 सहपठित धारा 151 सीपीसी के तहत जारी किया गया है, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संरक्षण आवश्यक माना.

**क्या है मामला**-यह पूरा विवाद आलीराजपुर स्टेट की ऐतिहासिक और जन उपयोगी संपत्तियों को लेकर है, जिनमें राजवाड़ा पैलेस परिसर और फतेह क्लब ग्राउंड जैसी धरोहर शामिल हैं. आवेदकों का आरोप है कि एक संदिग्ध वसीयत के आधार पर राजस्व विभाग ने नामांतरण कर दिया, जिससे इन संपत्तियों को बेचने का रास्ता खुल गया. इससे आम जनता में भारी आक्रोश और चिंता थी कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर निजी हाथों में चली जाएगी.

**आवेदकों का पक्ष, एचयूएफ संपत्ति का दावा**-आवेदक उदयभान सिंह एवं चंद्रभान सिंह जो स्व. महेंद्र प्रताप सिंह राठौर के पुत्र हैं ने दावा किया कि यह सम्पूर्ण संपत्ति संयुक्त हिंदू परिवार की अविभाजित पैतृक संपत्ति है. पूर्व महाराजा प्रतापसिंह के चार पुत्रों में समान हिस्सेदारी थी. उनके अनुसार माधवसिंह की शाखा को भी वैधानिक हिस्सा मिलना चाहिए, वर्ष 2025 में उन्हें जानकारी मिली कि तुषार सिंह ने कथित रूप से राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर 2022 की वसीयत के आधार पर संपत्ति पर कब्जा कर लिया.

**आवेदक पुन: कर सकते हैं आवेदन**- कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्टे स्वत: समाप्त होगा, लेकिन आवेदक पुन: आवेदन कर सकते हैं अन्य पक्षकारों पर एकपक्षीय कार्रवाई जारी रहेगी. यह आदेश अंतिम निर्णय तक धरोहर को सुरक्षित रखेगा, जिसमें एचयूएफ बनाम व्यक्तिगत स्वामित्व का निर्धारण होगा. उपरोक्त जानकारी एक विज्ञप्ति में जागरूक नागरिक मंच के अध्यक्ष विक्रम सेन ने दी.

## अनावेदक तुषार सिंह का पक्ष

अनावेदक तुषार सिंह देवगढ़ दाहोद ने अपने पक्ष में कहा यह संपत्ति महाराजा सुरेन्द्रसिंह की व्यक्तिगत संपत्ति थी. भारत सरकार के साथ हुए विलय अनुबंध के तहत यह उन्हें प्राप्त हुई. उन्होंने यह संपत्ति कमलेन्द्रसिंह से वैध वसीयत के आधार पर प्राप्त की, अत: वे इसके एकमात्र वैध स्वामी हैं. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यदि संपत्ति का हस्तांतरण हुआ तो नए पक्षकार जुड़ेंगे मुकदमा जटिल होगा, न्याय प्रक्रिया प्रभावित होगी इसलिए यथास्थिति बनाए रखना अनिवार्य है. **धरोहर रक्षा की जीत**-स्टे की ख़बर को जिला मुख्यालय आलीराजपुर के जागरूक नागरिक मंच अध्यक्ष विक्रम सेन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष किशोर शाह, पार्षद संतोष थेपड़िया, समाजसेवी आशुतोष पंचोली, मुस्तफ़ा बोहरा, पर्वत सिंह राठौर, एडवोकेट राजेश राठौर, गिरिराज मोदी, राजेंद्र टवली, निलेश जैन, गोविंदा गुप्ता, शहर काजी सैयद हनीफमियां, संजय तोमर, राजेंद्र भाई पटेल, सादिक चंदेरी, दीपक दीक्षित, किशन राठौड़, ललित मोदी और सुरेश सारडा जैसे प्रतिनिधियों ने इसे धरोहर रक्षा की जीत बताया.



# पटवारी ने किसानों की उठाईं समस्याएं

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को सागर जिले की कृषि मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की.**

**पटवारी बड़ामलहरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, जहां संत रविदास जी और गंगा मैया की मूर्तियों की स्थापना की जा रही थी. इस दौरान उन्होंने कहा कि संत रविदास का समता और मानवता का संदेश तथा गंगा मैया का आशीर्वाद प्रदेशवासियों का मार्गदर्शन करता रहे. मंडी निरीक्षण के दौरान किसानों ने अव्यवस्थाओं, गेहूं खरीदी में देरी और बारदान (बोरी) की कमी को लेकर नाराजगी जताई. इस पर पटवारी ने आरोप लगाया कि यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सरकार की नीयत की कमी को दर्शाता है. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है,**

**IISER TIRUPATI**

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, तिरुपति**

(भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

**"सहायक प्रोफेसर ग्रेड-द्वितीय" पदों के लिए भर्ती**

आईआईएसईआर तिरुपति उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले भारतीय नागरिकों से ग्रेड-II सहायक प्रोफेसर के पद के लिए विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया www.iisertirupati.ac.in >> करियर >> संकाय पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2026 है।

विज्ञापन संख्याः 27/2026/1ISER-T/Rect./09.04.2026

एसडी/-
रजिस्ट्रार

CBC 21377/12/0002/2627

विज्ञापन संख्या 01/2026

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद को भरा जाना**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं), जो कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता का 01 (एक) पद वेतन स्तर-11 एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) का 01 (एक) पद वेतन स्तर-10 भरा जाना है। अधिक जानकारी अर्थात पात्रता मानदंड, योग्यता तथा निबंधन एवं शर्तों के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट www.kvsangathan.nic.in एवं रोजगार समाचार के दिनांक 04 अप्रैल, 2026 के संस्करण मे देखें।

अपर आयुक्त (प्रशासन)

CBC 21106/12/0001/2627

All-new Seltos scores the highest in BNCAP.
Rated 5-stars (76.7 out of 81). Standard across all variants.




Movement that inspires

Price starts at ₹ 10 99 000

Kia Seltos
Badass. Forever.

The safest among the safest, scoring the highest in BNCAP with a 5-star rating. But then, you expect nothing less from the all-new Kia Seltos. This is a machine built to lead with a longer, more commanding stance that owns every road, a Trinity Panoramic Display that puts everything within reach, and ADAS Level 2 that stays a step ahead, always. It doesn't just look badass. It's built that way, in every way. All that's left is to bring it home. Visit your nearest Kia dealership today!

Commanding Presence | Advanced, with attitude



Command-Centric Trinity Panoramic Display | Kia Connect 2.0 with Intelligent Connectivity Features# | Dual Pane Panoramic Sunroof | Iconic R18 - 46.20 cm (18") Sporty Crystal Cut Alloy Wheels with Neon Brake Calipers | ADAS Level 2 with 21 Autonomous Features## | Front, Rear and Side Parking Sensors

Kia Service (Connected • Adaptive • Responsive • Engage) | 3 Years Unlimited km Warranty | Extended Warranty* Up to 7 Years | My Convenience Plus* Best-in-class Cost of Ownership | IoT Based Smart Services* | 24x7 | 3 Years Nationwide RSA*

Book now | Call 1800 108 5000 | 093195 91407 | Visit www.kia.com | Kia Seltos | Look for "Kia India" @

*Terms & Conditions Apply. Ex-showroom price all India. The product & feature images shown in this ad is for representation purpose only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown in this ad. The specifications and features may vary depending on models/ variants. Segment is defined as Mid SUV whose length lies between 4 220 - 4 460 mm and width between 1 760 - 1 830 mm. #Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 functionality is dependent on mobile network strength. ##Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, Kia Connect 2.0 features and other details of any model as mentioned in this ad to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.

**Shri Kia:** Palasia, Indore, Tel: 6262626804; Dewas Naka, Indore, Tel: 9285288888; Dewas Road, Ujjain, Tel: 9171605000; Mhow Neemuch Road, Ratlam, Tel: 6262626803 **Bhagirath Kia:** Bhanwarkua, Indore, Tel: 6269611000; MR-10 Luv Kush Square, Tel: 9165915000; Kalani Nagar, Airport road Indore, Tel: 9926903099; Sanawad Road, Khargone, Tel: 7354911000 **Updesh Kia:** Neemuch, Tel: 6232323915

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**